समाचार

# सतत रूप से जारी हैं वार्डो में विकास कार्य–महापौर

## (कोरबा जोन के 10 वार्डो में 02 करोड़ 37 लाख रू. के विकास कार्यो की शुरूआत कराई महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने )



कोरबा 06 जनवरी 2016 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज कहा कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा क्षेत्र के विभिन्न वार्डो व बस्तियों में आमजनता की मांग के अनुरूप सतत रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि आमजन की विकास परक समस्याओं का त्वरित निराकरण हो तथा उन्हें निरंतर मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होती रहें, इस दिशा में निगम द्वारा अनवरत रूप से कार्य किए जा रहे हैं।

उक्त बातें आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कोरबा जोन के विभिन्न वार्डो में विकास कार्यो की शुरूआत कराए जाने के अवसर पर कही। नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 06 भण्डारी चौक से सिंधी गुरूद्वारा तक 10 लाख 93 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाली, पेंविंग का निर्माण, वार्ड क्र. 06 बिमलेश मिश्रा के घर से कौशल पान ठेला तक 15 लाख 72 हजार रूपयेय की लागत से आर.सी.सी.नाली निर्माण, वार्ड क्र. 06 बस स्टैण्ड में 06 लाख 47 हजार रूपये की लागत से मूत्रालय व प्रतीक्षालय का निर्माण, वार्ड क्र. 06 विकास भवन में 05 लाख 99 हजार रूपये की लागत से मरम्मत कार्य, वार्ड क्र. 04 जमात खाना ज्योति पाण्डे के घर से पीछे गली विश्वनाथ मंदिर के सामने 09 लाख 12 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाली पेविंग का निर्माण, वार्ड क्र. 05 उपकापारा व धनुवारपारा में 09 लाख 08 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाली व सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण, वार्ड क्र. 07 में 13 लाख 10 हजार रूपये की लागत से सी. सी. रोड, आर.सी.सी. नाली निर्माण, वार्ड क्र. 07 पोखरीपारा में 10 लाख 31 हजार रूपये की लागत

से सी.सी. रोड निर्माण, वार्ड क्र. 10 में 09 लाख 73 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, वार्ड क्र. 10 रमेश गली में 22 लाख 75 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाली, सीमेंट रोड निर्माण, वार्ड क्र. 08 इमलीडुग्गू में 18 लाख 10 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाला निर्माण, वार्ड क्र. 09 स्थित स्कूल से शमशान घाट तक 09 लाख 16 हजार रूपये की लागत से सी.सी. रोड निर्माण, वार्ड क्र. 09 भिलाईखुर्द बरबसपुर में 13 लाख 83 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक भवन व पेंविंग निर्माण, वार्ड क्र. 01 सर्वमंगला पुल के समीप इसाई मोहल्ला में 09 लाख 11 हजार रूपये की लागत से सी.सी. रोड, आर.सी.सी. नाली निर्माण, वार्ड क्र. 01 में 19 लाख 12 हजार रूपये की लागत से सी.सी. रोड, नाली निर्माण, वार्ड क्र. 11 पानी टंकी मोहल्ला में 10 लाख 68 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाली, सी.सी. रोड निर्माण, वार्ड क्र. 11 महावीर नगर में 15 लाख 60 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाली, सी.सी. रोड निर्माण, वार्ड क्र. 11 नर्सरी मोहल्ला में 18 लाख 05 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण तथा वार्ड क्र. 12 अमरैयापारा में 09 लाख 32 हजार रूपये की लागत से सीमेंट कांक्रीट रोड एवं नाली के निर्माण कार्य की शुरूआत आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल द्वारा कराई गई। इस मौके पर उन्होने आगे कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं के निराकरण हेतु तथा उन्हें आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु मेरी सदैव प्रतिबद्धता कायम रहेगी तथा हर आवश्यक कदम इस दिशा में उठाए जाएंगे। उन्होने कहा कि मेरा सतत प्रयास है कि हर घर को पर्याप्त पानी मिले, उन्हें अच्छी सड़क व नाली की सुविधा प्राप्त हो, उनके घरों के आस–पास गंदगी न रहें इसके लिए निरंतर साफ–सफाई के कार्य किये जाते रहे। इस दिशा में निगम द्वारा निरंतर कार्य किए जा रहे हैं तथा आगे भी यह प्रयास सतत रूप से जारी रहेंगे।

इस मौके पर सभापति धुरपाल सिंह कंवर, मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी, डॉ. गोपाल कुर्रे, पार्षद शिव अग्रवाल, रवि महाराज, मनीष शर्मा, गीता महंत, बबीता वाल्मिकी, सुफलदास महंत, मदन सिंह, ओमबाई श्रीवास, राजा गुप्ता, शैलेन्द्र सिंह, पूर्व सभापति संतोष राठौर, महिला कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता सगीता सक्सेना, प्रदेश संगठन मंत्री कुसुम द्विवेदी, शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान, सेवादल अध्यक्ष संतोष लांझेकर, महिला सेवादल अध्यक्ष ममता अग्रवाल, दीपेश सिंह, वरिष्ठ नागरिक किशनचन्द्र छाबड़ा, मो.इकबाल, विकास कुमार, शिवचरण लाल थवाईत, भरतलाल थवाईत,प्रीतमचन्द्र, परसराम रोहरा, धनश्याम रमानी, महेन्द्र निर्मलकर, देवेन्द्र श्रीवास, आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।